# सिंगापुर-ऑस्ट्रेलिया की कंपनियां करेंगी 24 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

## दोनों देशों की छह कंपनियों और राज्य सरकार के बीच हुआ एमओयू

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया की बड़ी कंपनियां यूपी में 24560 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इस संबंध में इन देशों की छह कंपनियों और राज्य सरकार के बीच एमओयू किया गया है। ये कंपनियां डाटा सेंटर, लॉजिस्टिक सेवा, ईएमएस फॉर स्मार्ट डिवाइस एंड आईओटी प्रोडक्ट, एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर और फूड प्रोसेसिंग में निवेश करेंगी। इससे प्रदेश में 19500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

पिछले माह जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में एक टीम सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर गई थी। यहां की 15 कंपनियों ने प्रदेश में 26380 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव दिया था। इन सभी प्रस्तावों के धरातल पर उतरने पर प्रदेश में 22250 नौकरी एवं रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। इन्हीं कंपनियों में से 6 ने राज्य सरकार से एमओयू किया है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

**ये कंपनियां करेंगी निवेश :** स्टार कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड डाटा सेंटर और लॉजिस्टिक सेवा में एक-एक हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इससे 2 हजार नौकरियां पैदा होंगी। ग्लोबल स्टेट कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड डाटा सेंटर में 8260 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 500 लोगों को रोजगार मिलेंगे। साइन फ्यूल एंड ग्रुप कंपनीज 2 हजार करोड़ का निवेश ईएमएस फॉर स्मार्ट डिवाइस एंड आईओटी प्रोडक्ट्स में करेगी। इससे पांच हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। यूनिवर्सल सक्सेस प्राइवेट लिमिटेड डाटा सेंटर एंड लॉजिस्टिक पार्क में 5100 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 8500 रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में सैट्स कंपनी 600 करोड़ का निवेश करेगी। इससे प्रदेश में 500 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**डाटा सेंटर और प्रोसेसिंग समेत कई क्षेत्रों में होगा निवेश**

**19500**

**लोगों को मिलेगा रोजगार**